प्राथमिकता पर निस्तारित हों जनप्रतिनिधियों की शिकायतें : मंडलायुक्त

जनप्रतिनिधियों से की वार्ता, कान्हा गौशाला एवं तहसील सदर का किया निरीक्षण



कान्हा गौशाला का निरीक्षण करते मंडलायुक्त

शाहजहांपुर। जनप्रतिनिधियों की शिकायतें प्राथमिकता के साथ निधारित समय में निस्तारित की जाएं। सम्बन्धित अधिकारी पब्लिक में जाकर जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का निस्तारण करें ।

उक्त विचार मण्डलायुक्त आर रमेश ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनप्रतिनिधियों से वार्ता के दौरान व्यक्त करते हुए कहा है कि जनप्रतिनिधियों की अपेक्षानुसार निर्माण कार्य निर्धारित समय में पूर्ण किए जाए। लोकार्पण एवं शिलान्यास के कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाए। जो कार्य पूर्ण नहीं हुए है उन्हें जनप्रतिनिधियों को अवगत कराएं जाएं। उन्होंने कहा कि पंचायत भवन निर्माण के लम्बित प्रकरणों को टीम गठित कर त्वरित निस्तारित किये जाएं। ग्राम सचिव एवं लेखपाल ग्राम पंचायत स्तर की समस्याएं त्वरित निस्तारित करें। हर ग्राम पंचायत में ग्राम सभा की जमीन होती है अगर लेखपाल द्वारा ऐसा बताया जाता है कि ग्राम पंचायत भवन के लिए ग्रामसभा में जमीन उपलब्ध नहीं है तो सम्बन्धित लेखपाल का उत्तरदायित्व निर्धारित कर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा है कि ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की सूचना जनप्रतिनिधियों को दी जाए। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि से वंचित किसानों को लाभ दिया जाए। जहां कही बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है वहां पर कार्यवाही की जाए। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों द्वारा अनुरोध किया गया कि ग्राम पंचायत स्तर पर चौपाल लगाकर ग्राम वासियों की समस्याओं का निस्तारण किया जाए। इस अवसर पर मण्डलायुक्त ने मघई टोला स्थित कान्हा गोशाला का औचक निरीक्षण किया और कान्हा गोशाला में गोवंशियों को माला पहनाकर गुड़ व चारा खिलाया। कान्हा गोशाला में साफ-सफाई व्यवस्था देखी जो संतोषजनक मिली। इससे पूर्व मण्डलायुक्त ने तहसील सदर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित पंजिका का अवलोकन किया, जिसमें सभी कर्मचारी उपस्थित मिलें। उन्होंने वरासत पोर्टल का फीडबैक लिया और निर्देश दिए कि लम्बित प्रकरण को १५ दिवस के अन्दर निस्तारित किये जाएं। इस अवसर पर विधायक रोशन लाल वर्मा, चेतराम, वीर विक्रम सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव, डीपीएस राठौर, सीडीओ श्याम बहादुर सिंह, नगर आयुक्त संतोष शर्मा, एडीएम प्रशासन राम सेवक द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, एसडीएम सदर दशरथ, अपर नगर आयुक्त एसके सिंह आदि उपस्थित रहे।